E-mail : teamspofficial77@gmail.com
+91-9582253718 +91-8090118212
@TeamSP_Official

# TeamSP

## Sत्य Sनातन Sवदेशी Sर्वप्रथम

**Letter No. : TSP / PR-101** **प्रेस विज्ञप्ती** **Date : 05 / 04 / 2021**

TeamSP का गठन प्रसिद्ध युवा राजनीतिक विश्लेशक श्री **शहजाद पूनावाला** द्वारा किया गया है , इस टीम का उद्देश्य है युवाओं को महत्त्वपूर्ण समाजिक एवं राजनीतिक विषयों पर अपनी बात निष्पक्ष तरीके से रखने हेतु एक सशक्त मंच प्रदान करना । जिसके द्वारा आने वाली पीढी में मुखर होकर अपनी बात रखने का हौसला मिले और वह आत्मनिर्भर बनें तथा टीम का हर एक सदस्य अपने अंदर के हुनर को तराश कर राष्ट्रीय स्तर पर **TeamSP** के विभिन्न सोशल मीडिया मंचों से अपनी बातों को रखते हुये एक पहचान हासिल कर सके । टीम के गठन के बाद से ही युवा वर्ग में काफी उत्साह दिखा और मात्र 15 दिनों के अंदर ही सैकडों प्रतिभाशाली लोगों ने टीम से जुडने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये । बगैर किसी भेद - भाव एवं अपने मार्गदर्शक शहजाद पूनावाला जी के सहज भाव से मिलने वाले प्रशिक्षण के द्वारा ही सदस्य आज देश के प्रमुख विषयों पर टीम के मंच पर आकर वीडियो ,फोटो , तथा अन्य प्रकार के कैम्पेन द्वारा मजबूती से और शालीन भाषा में अपने विचार रखना सीख रहे हैं ।

इसी क्रम में **TeamSP** ने पालघर के मुद्दे पर एक विशाल जन अभियान की शुरुआत की है , जिसका उद्देश्य है **पालघर में दो पूजनीय संतों , "महंत कल्पवृक्ष जी महाराज एवं महंत सुशीलगिरी जी महाराज" , की हुइ नृशंस हत्या की जांच केंद्रिय जाँच एजेंसी से करवाने की मांग को राष्ट्रीय स्तर पर प्रमुखता से रखना** । **TeamSP** का कहना है कि हमारी मुहीम **#JusticeForPalgharSadhus** तब तक जारी रहेगी जब तक की हमारे संतों को न्याय नहीं मिल जाता और दोषियों का उचित सजा नहीं मिल जाती ।

ज्ञात हो कि पालघर की घटना को 11 माह से ज्यादा हो चुके हैं और अब तक पीडित महंतों को न्याय की प्राप्ती नहीं हुई है । महाराष्ट्र सरकार और पुलिस पर हुये ताजा खुलासों से यह स्पष्ट है कि राज्य की सरकार और पुलिय व्यवस्था से न्याय की उम्मीद रखना बेइमानी होगी । सर से पाँव तक भ्रष्टाचार एवं आतंक में लिप्त राज्य सरकार एवं पुलिस का घिनौना चहरा पालघर कांड में भी दिख गया था जब भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद संतों एवं उनके चालक की नृशंष हत्या कर दी गई थी । इसलिये **TeamSP** का कहना है कि हमें इस मामले में तुरंत केन्द्रीय जांच एजेंसी / C.B.I चाहिये और फास्ट ट्रैक द्वारा त्वरित न्याय भी । इस हत्याकांड में राज्य एवं पुलिस की भूमिका भी संदेह के घेरे में है , इसलिये निष्पक्ष जांच में केन्द्रीय जांच एजेंसी / C.B.I ही उप्युक्त होंगी।

अपने इसी अभियान के अंतर्गत **TeamSP** ने देश भर में **#Ek_Diya_Palghar_Ke_Naam** से कैम्पेन आरंभ किया है जिसमें संतों को श्रद्धांजली अर्पित करते हुये आम जनता ने दीपक के साथ अपनी तस्वीरें भेजना आरम्भ कर दिया है साथ ही देश के हर कोने में 11 माह से कुंद पडी न्याय को भी पुन: प्रज्वलित करने का काम इस अभियान ने कर दिया है ।

जन अभियान और न्याय की मांग को गति प्रदान करने के तहत TeamSP ने एक **"DIALOGUE SERIES FOR PALGHAR"** की शुरुआत की , इस कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार , सामाजिक कार्यकर्ता , राजनीतिज्ञ , लोकप्रीय अधिवक्ता एव संत समाज के प्रतिनिधियों को अपने मंच पर आमंत्रित कर **Live Online साछात्कार** करते हुये **TeamSP** के निर्माता तथा देश में इस मुद्दे पर सबसे मुखर **शहजाद पूनावाला** द्वारा क्रियान्वित किया जाता है । अब तक **TeamSP Dialogue Series** में आकर अभियान को अपना समर्थन दे चुके हैं , युवा भाजपा नेत्री **निघत अब्बास** , उच्चतम न्यायालय के लोकप्रीय अधिवक्ता **प्रशांत पटेल उमराव** , दूरदर्शन न्यूज के वरिष्ठ सम्पादक **अशोक श्रीवास्तव** , पालघर केस के वकील **शशांक शेखर झा** , भाजपा राजस्थान के प्रवक्ता **लक्ष्मीकांत भारद्वाज** , लेखक **तुहीन सिन्हा** , प्रचलित पत्रकार **सैवियो रॉडरिगज** , समाजसेवी **रवी तिवारी** ,राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के वरिष्ठ सदस्य **रतन शारदा** , भाजपा महाराष्ट्र के वरिष्ठ प्रवक्ता **सुरेश नखुवा** एवं लोकप्रीय वक्ता **स्वामी दिपांकर जी** । सारे मेहमानों ने **TeamSP** के कार्यक्रम की भरपूर सराहना करते हुये कहा कि इस अभियान ने **11** माह से कुंद पड़े न्याय की अग्नी को पुन: प्रज्वलित कर दिया है तथा **TeamSP** को इस संबंध में हर सम्भव सहयोग एवं समर्थन देने का आश्वासन भी दिया ।शहजाद पूनावाला का कहना है की आने वाले **Dialogue Series** में हमें और भी प्रचलित हस्तियां देखने को मिलेंगी ।

सैकडों की संख्या में लोगों ने इस अभियान से जुड़ना शुरु कर दिया है । **TeamSP** के सभी सदस्य एवं टीम के मार्गदर्शक **शहजाद पूनावाला** के इस अभियान ने रफ्तार पकड़ ली है और टीम को उम्मीद है की जल्द ही केन्द्रीय जांच एजेंसी को मामले की जाँच सौंप दी जायेगी । तब तक शहजाद पूनावाला जी के नेतृत्व में **TeamSP** का अभियान **#JusticeForPalgharSadhus** यूँही पूरे जोश के साथ सोशल मीडिया प्लेटफार्म एवं जल्द ही जन-जन के बीच पूरी ताकत से चलता रहेगा ।